हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, मंगलवार, 24 जून 2025

11 केमिस्ट शॉप पर सीसीटीवी की निगरानी जरूरी....




11 अंकित गुलिया ने हैवी सीनियर वेट कैटगरी में जीता गोल्ड



## खबर संक्षेप

### दुकान में घुसकर युवक पर जानलेवा हमला

**झज्जर।** गांव अकेहड़ी मदनपुर में एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में अकेहड़ी मदनपुर निवासी सोमबीर ने बताया कि रविवार की शाम करीब साढ़े सात बजे उसका पुत्र आर्यन एक किरयाणा की दुकान पर गया था तो वहां गांव का ही पवन नामक युवक अपने साथी लडायन गांव निवासी कार्तिक तथा एक अन्य युवक के साथ मोटरसाइकिल पर आया। उन्होंने दुकान में घुसकर तेज धारदार हथियारों के साथ उसके पुत्र आर्यन पर जानलेवा हमला किया। पीड़ित ने गांव के ही एक अन्य युवक पर हमला कराने का आरोप लगाया है। हमले में घायल आर्यन रोहतक पीजीआई में उपचाराधीन है।

### टेलीग्राम के जरिए दोस्ती कर लाखों रुपये ठगे

**झज्जर।** साइबर थाना की एक टीम द्वारा टेलीग्राम के जरिए दोस्ती कर लाखों रुपये की ठगी करने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक सोमबीर कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान योगेश और विनोद निवासी राजस्थान के तौर पर की गई है।

### नगर परिषद में 30 को होगी पीएसी की बैठक



**बहादुरगढ़।** नगर परिषद कार्यालय में सोमवार 30 जून को सुबह 11 बजे पेयमेंट अप्रूवल कमेटी की मीटिंग होगी। चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि सोमवार को होने वाली पेयमेंट अप्रूवल कमेटी की मीटिंग में अधिकारी विकास कार्यों व जनसुविधाओं से संबंधित बिल प्रस्तुत करेंगे। पर्याप्त चर्चा के बाद उनका भुगतान नगर परिषद द्वारा किया जाएगा। उनका प्रयास है कि विकास कार्यों का भुगतान नगर परिषद द्वारा समय पर किया जाए, ताकि जनता के काम निर्बाध रूप से जारी रहें।

### पंकज जैन ने किया मुखर्जी को नमन

**बहादुरगढ़।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष डॉ पंकज जैन ने सेक्टर-6 स्थित कार्यालय पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए जैन ने कहा कि मुखर्जी ने सदैव राष्ट्रहित के लिए कार्य किया। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार मुखर्जी के सपनों को साकार कर रही है। नायब सरकार भी मुखर्जी के आदर्शों और सिद्धांतों को आगे बढ़ा रही है। उनके विचारों में भारतीयता के चिंतन की छाप थी। मुखर्जी के जीवन दर्शन को आत्मसात करके युवा पीढ़ी को राष्ट्र की तरक्की व उन्नति के लिए सेवा तथा समर्पण की भावना से काम करना चाहिए।

### गर्मी व बिजली किल्लत की दोहरी मार

**बहादुरगढ़।** शहर में गर्मी का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। सोमवार को भी नागरिकों को तीखी गर्मी से दो-चार होना पड़ा। हालांकि शाम ढलते ही मौसम में परिवर्तन की उम्मीद जगी। संध्याकाल में चली हवा से नागरिकों को उमस से राहत मिल सकी। सोमवार को दिन चढ़ने के साथ ही सूरज की तीखी किरणें सुबह से ही शरीर को झुलसाने लगी थी। वहीं दूसरी तरफ शहर के एक बड़े हिस्से में मेंटेनेंस के कारण सुबह 7 बजे से 10 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रही। जिसके चलते घर के अंदर और बाहर सभी जगह लोगों को गर्मी से जूझना पड़ा। गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर के कई हिस्सों में रोजाना बिजली कटौती हो रही है। कटौती से शहर के लोग परेशान हैं। अघोषित कटौती की वजह से कई तरह की दिक्कतें रही हैं।

# बहादुरगढ़ में मेट्रो के 7 साल पूरे: प्रतिदिन दिल्ली आ-जा रहे हजारों यात्री

- मेट्रो के आने से सड़कों पर दबाव घटा, सराहना करते हुए विस्तार की मांग कर रहे यात्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

दिल्ली मेट्रो के ग्रीन कॉरिडोर पर मुंडका से बहादुरगढ़ तक मेट्रो सेवा के 7 साल पूरे हो गए हैं। बीते 2 दशकों में मेट्रो न सिर्फ दिल्ली, बल्कि एनसीआर की लाइफलाइन बनकर उभरी है। गत 9 वर्षों में दिल्ली और बहादुरगढ़ के बीच आवागमन आसान हुआ है। प्रतिदिन हजारों लोग डीएमआरसी की सेवा का लाभ उठाकर बहादुरगढ़ से दिल्ली आवागमन करते हैं। हालांकि अब लोग इसके सांपला की तरफ विस्तार के सपने को साकार होते देखाना चाहते हैं।

देश की राजधानी और एनसीआर में मेट्रो ने आमजन की जिंदगी के सफर को बेहद आसान बनाने में अहम भूमिका निभाई है। यही कारण है कि मौजूदा समय में दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो का नेटवर्क करीब 392 किलोमीटर व 288 स्टेशन हैं। वर्ष 2018 में 24 जून के दिन ही ग्रीन लाइन मेट्रो सेवा का मुंडका से आगे विस्तार होकर बहादुरगढ़ तक संचालन शुरू हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से इसे हरी झंडी दिखाई थी। इससे पहले स्थानीय यात्री दिल्ली और नोएडा जाने के लिए मुंडका मेट्रो स्टेशन तक कैब या अपने निजी वाहन का इस्तेमाल करते थे।



बहादुरगढ़। ग्रीन कॉरिडोर पर दिल्ली मेट्रो में सफर करते यात्रियों की भीड़। फोटो: हरिभूमि

सात साल पहले बहादुरगढ़ तक सीधी मेट्रो सेवा शुरू होने से लोगों का सफर सुगम हो गया। पहले ही वर्ष में मेट्रो ने करीब 43 लाख यात्रियों को बहादुरगढ़-दिल्ली के बीच सफर करवाया था। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम में शिक्षा और व्यवसाय के लिए आवागमन करने वाली महिलाओं को इससे सर्वाधिक सुविधा हुई। वे देर रात तक बेखौफ सुरक्षित और वातानुकूलित सफर करके अपने गंतव्य स्थान तक पहुंच पा रही हैं। रेलवे, रोडवेज और एयरपोर्ट से बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए डीएमआरसी के प्रयासों को यात्रियों द्वारा सराहा गया।

### 11.183 किलोमीटर लंबे एलिवेटिड कॉरिडोर पर 7 स्टेशन

बता दें कि करीब 11.183 किलोमीटर लंबे एलिवेटिड कॉरिडोर पर 7 स्टेशन हैं। इनमें दिल्ली के मुंडका औद्योगिक क्षेत्र, घेवरा, टिकरी कलां व टिकरी बॉर्डर के अलावा हरियाणा के पंडित श्रीराम शर्मा मेट्रो स्टेशन, बहादुरगढ़ सिटी मेट्रो स्टेशन तथा बिग्रेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। इस स्टेंडर्ड गेज ट्रेक पर रोलिंग स्टॉक ट्रेन का संचालन होता है। ग्रीन लाइन कॉरिडोर की कुल लंबाई 28.781 किलोमीटर है और इस पर 24 स्टेशन हैं। मेट्रो की खूबियों को देखते हुए लोग सड़क का लोभ छोड़कर मेट्रो में सफर कर रहे हैं।

## पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की

# बस स्टैंड के नजदीक एक मकान से नकदी, आभूषण व कपड़े चोरी

कमला देवी ने बताया कि चोरों ने जहां उसकी सारी जमा पूंजी चुरा ली वहीं उसके पहनने के कपड़े भी चोरी कर लिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

शहर के नए बस स्टैंड के नजदीक एक घर से चोरों द्वारा नकदी, आभूषण व सामान चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। घटना करीब ढाई बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने भी मौके पर पहुंच कर चोरी की घटना की जानकारी परिजनों से ली। पीड़िता कमला देवी ने बताया कि मूल रूप से बिरधाना गांव के निवासी हैं तथा पिछले करीब 26 वर्षों से अपने परिवार के साथ यहां रह रही है। उसका पति सुरेश लोहे का काम करता है। कमला देवी के अनुसार चोरों ने पहले उसके घर के एक कमरे का ताला तोड़ा उसके बाद वहां रखीं संदूक का ताला तोड़ उसमें रखी करीब साठ हजार रुपये की नकदी व चांदी के आभूषण चुरा ले गए। कमला देवी ने बताया कि चोरों ने जहां उसकी सारी जमा पूंजी चुरा ली वहीं उसके पहनने के लिए रखे संदूक में रखे नए कपड़ों के साथ-साथ वहां रखे उसके पहनने के कपड़े भी चोरी कर लिए।





झज्जर। नया बस स्टैंड के नजदीक स्थित वह घर जिसमें हुई चोरी व कमरे में खुली पड़ी संदूक जहां रखे थे नकदी व आभूषण। फोटो: हरिभूमि

### प्रधानमंत्री आवास योजना की आई थी दूसरी किस्त

पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित विनोद कुमार ने बताया कि जब चोर चोरी करने में लगे तो अचानक उसके पुत्र हिमांशु की आंख खुल गई और उसने जब शोर मचाया तो चोर मौके से भाग निकले। इसके बाद जब उन्होंने घर में चोरी हुए सामान का जायजा लिया तो घर के अंदर लोहे की संदूक में रखे साठ हजार रुपये की राशि जो सरकार द्वारा मकान बनाने के लिए दूसरी किस्त दी गई थी वह चोरी हो गई। इसके अलावा चांदी का आभूषण व कपड़े चोरी हुए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



झज्जर। अस्पताल परिसर में उपस्थित मृतक राहुल के परिजन। फोटो: हरिभूमि

# नहर में नहाने गए किशोर की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर



गांव अच्छेज पहाड़ीपुर के नजदीक से गुजरने वाली जेएलएन में एक किशोर का शव मिला है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों की सहायता से शव को नहर से बाहर निकवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक किशोर की पहचान दिल्ली के किराड़ी गांव निवासी करीब सत्रह वर्षीय राहुल पुत्र विनोद के तौर पर हुई है। राहुल रविवार की सुबह अपने पैतृक गांव डीघल में दादी से मिलने के लिए आया था। अस्पताल परिसर में मौजूद मृतक राहुल के परिजनों ने बताया कि दोपहर बाद उन्हें राहुल के नहर में डूबने की सूचना मिली। जिसके बाद से नहर में राहुल की तलाश की जा रही थी। बताया जा रहा है कि राहुल नहर किनारे बैठ कर नहा रहा था कि अचानक उसका पांव फिसल गया और वह गहरे में पानी में चला गया। तेज बहाव के कारण उसका पता नहीं चल पाया। परिजनों के अनुसार राहुल ने हाल ही में बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण की थी। उसके पिता का देहांत पिछले वर्ष हार्ट अटैक के चलते हो गया था। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# दिन भर शहर के डंपिंग प्वाइंटों पर लगे रहे कूड़े के ढेर, दोपहर बाद हुआ कूड़े का उठान

- आश्वासन के बावजूद सप्ताह भर बाद भी डोर-टू-डोर कूड़ा उठान कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

डोर-टू-डोर कूड़ा उठान के कर्मचारियों को पिछले दो माह से वेतन न मिल पाने के कारण उनमें रोष व्याप्त है।

इसी कारण सोमवार को कूड़ा उठान कर्मचारियों ने कार्य नहीं किया। जिसके चलते शहर के बीकानेर चौक, अंबेडकर चौक, दिल्ली गेट, पुराना बस स्टैंड, सीताराम गेट, माता गेट आदि डंपिंग प्वाइंटों पर दिन भर कूड़ा बिखरा रहा। दोपहर बाद नगर परिषद अधिकारियों द्वारा निजी तौर पर कूड़ा उठान कराया गया। डोर-टू-डोर कूड़ा उठान कार्य में लगे कर्मचारी रोहित बिड़लान, मुकेश चंदा, धर्म कांगड़ा, शिव कुमार, राजेंद्र काटीवाल, राजकुमार, रवि चंदा, जोगेंद्र, सतीश, अमन, सागर, अमित, विक्की, सन्नी, राजेश आदि ने बताया कि उन्हें पिछले दो माह से वेतन नहीं मिला जिसके चलते उन्होंने पिछले दिनों तीन दिन की हड़ताल की थी। बाद में नगर परिषद अधिकारियों व ठेकेदार द्वारा सप्ताह भर भीतर वेतन उनके खातों में डालने का आश्वासन दिया तो वे चौथे दिन काम पर लौट आए थे। उन्होंने सप्ताह भर तक अपने कार्यों को बखूबी निभाया। अब सप्ताह भर से अधिक का समय बीत चुका है लेकिन उन्हें वेतन नहीं मिला। इसलिए उन्होंने मजबूरन आज काम बंद कर दिया।



झज्जर। अंबेडकर चौक पर बिखरा पड़ा कूड़ा। फोटो: हरिभूमि

# शहरी क्षेत्र में हल्की और कई ग्रामीण क्षेत्रों में झमाझम बरसात से किसान खुश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

- मेन बाजार में जलभराव से हुई परेशानी

सोमवार दिनभर मौसम का मिजाज बदलता रहा। कभी आसमान में बादल तो कभी धूप निकलती रही। दिनभर उमस से भरा वातावरण बना रहा और लोग पसीने से तरबतर रहे। लेकिन सांय मौसम ने करवट ली और आसमान से राहत की बूंदें गिरने लगी। जिसके कारण मौसम सुहाना हो गया और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है। शहरी क्षेत्र में हल्की और कई ग्रामीण क्षेत्रों में हुई झमाझम बारिशः खास बात यह रही कि शहरी क्षेत्र में जहां हल्की बारिश हुई, वहीं झज्जर रेवाड़ी मार्ग, झज्जर बादली मार्ग स्थित कई गांवों में झमाझम बारिश हुई। जिसके कारण किसानों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। किसानों का कहना है कि बरसात होने से धान की फसल बिजाई कार्य में लाभ होगा।



झज्जर। हल्की बारिश के बीच गुजरते हुए वाहन। फोटो: हरिभूमि

### प्रशासन के प्रति रोष

हल्की बारिश से मेन बाजार में हुआ जलभरावः हल्की बारिश के बाद भी अंबेडकर चौक से नेता जी सुभाष चंद्र चौक तक जलभराव हो गया। जिसके कारण दुकानदारों और आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दुकानदारों का कहना है कि अंडर ग्राउंड नालियां बंद पड़ी है। जिसके कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती और दुकानों के बाहर पानी भर जाता है। कई दफा शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसके कारण दुकानदारों में नप और जिला प्रशासन के प्रति रोष बना हुआ है।

# जेसीबी की सफाई से टूट रहे नाले, आमजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

प्रशासन की ओर से बाढ़ राहत के तहत शहर के नालों व सीवर की सफाई के आदेश संबंधित विभागों को दिए गए हैं। पब्लिक हैल्थ व नगर परिषद की ओर से शहर के नालों की सफाई का काम जारी है। इस काम में जेसीबी मशीन का प्रयोग हो रहा है। ऐसे में पुराने नाले भी सफाई के साथ तहस-नहस हो रहे हैं। लोगों को समझ नहीं आ रहा कि इससे उन्हें फायदा पहुंच रहा है अथवा नुकसान हो रहा है। बाढ़ नियंत्रण उपायों की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक के बाद डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल व एसडीएम नसीब कुमार ने शहर के जलनिकासी नालों का निरीक्षण किया था और नालों की अविलंब सफाई के आदेश दिए थे। शहर की सड़कों पर विभिन्न नालों की सफाई का कार्य जारी है। हालांकि शहर में जिस प्रकार से सफाई हो रही है, उससे नालों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। हालत यह है कि नालों को मैन्युअल तरीके की बजाए जेसीबी मशीन से साफ किया जा रहा है, इसके कारण नाले टूट रहे हैं। लोगों ने सफाई के नाम पर नाले की दीवारों और स्लैबों को तोड़कर किए जा रहे लाखों के नुकसान को रोकने व सफाई के ठोस प्रबंध करने की मांग की है। यशपाल ने बताया कि निकासी नालों की सफाई के दौरान नाले की अधिकतर स्लैबों को बचाने की बजाए तोड़ दिया गया।



### सड़कों का निर्माण पूरा नहीं होने पर रोष

बहादुरगढ़। सेक्टर-13 में सड़क निर्माण कार्य पिछले 10 दिन से बंद है। जबकि कई सड़कों का निर्माण शेष है। ऐसे में रेजिडेंट्स नाराज हैं। आरडब्ल्यूए प्रधान राजबीर दलाल ने अधिकारियों से सभी सड़कों का निर्माण पूरा करवाने की मांग की है। सड़क बनाने का काम अधूरा रहने पर सेक्टर-13 के निवासियों में नाराजगी बढ़ रही है। प्रधान राजबीर दलाल के अनुसार अभी सेक्टर की 50 प्रतिशत सड़कों का निर्माण नहीं हुआ है। जबकि बताया जा रहा है कि यह काम पूरा हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि आबादी वाले इलाके में सड़कें बनाने की बजाय ग्रीन बेल्ट व खाली क्षेत्र में सड़क बना दी गई। जबकि वहां अभी कोई जरूरत नहीं थी। जिस कारण सेक्टर-13 के निवासियों में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के प्रति रोष बना हुआ है। उन्होंने अधिकारियों से सेक्टर-13 की बची हुई सड़कों को जल्द बनवाने की मांग की है।



बहादुरगढ़। सेक्टर-13 में अब तक नहीं बनी सड़क।

## रेलवे अंडरब्रिज की जर्जर सड़क को सुधारने के लिए उखाड़ने का काम शुरू

# आखिरकार रेलवे विभाग ने ली आरयूबी की सुध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

शहर को लाइनपार इलाके से जोड़ने वाले रेलवे अंडरब्रिज की आखिरकार रेलवे विभाग ने सुध ले ली है। रेलवे स्टेशन के निकट स्थित आरयूबी की हालत निर्माण के बाद से ही जर्जर हो गई थी। इसे लेकर लगातार शिकायते की जा रही थी। इनका संज्ञान लेते हुए रेलवे ने जर्जर सड़क को उखाड़कर बनाने का काम शुरू कर दिया है।

सोमवार को रेलवे अधिकारी आरयूबी पर पहुंचे और जर्जर रोड को बनवाने के लिए उखाड़ने का काम शुरू करवाया। भाकियू के प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण दलाल ने इसका स्वागत करते हुए बताया कि उन्होंने भी इसकी शिकायत की थी। क्योंकि आरयूबी के निर्माण के कुछ समय बाद ही इसकी हालत खराब होनी शुरू हो गई थी। यहां हर वक्त अंधेरा रहता है, टूटी हुई सेड के कारण जलभराव हो जाता है। जलभराव में फंसने के कारण एक साइकिल सवार की जान भी जा चुकी है। सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने से आवागमन मुश्किल हो गया था। कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। सोमवार को डीईएन हरि शंकर, ठेकेदार सुधीर संधू, सुपरवाइजर सुभाष रंगा, जेई राजकुमार और रवि कुमार काम शुरू करवाने पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर रेलवे अंडरब्रिज में रिपेयरिंग शुरू हो जाएगी। स्थानीय निवासी लेखराज यादव, एडवोकेट राहुल दुहन, प्रदीप रोहज, रविंद्र खत्री, इस्माईल व विशाल शर्मा आदि ने रेलवे का आभार जताया।



बहादुरगढ़। रेलवे अंडरब्रिज में जर्जर सड़क उखाड़ती जेसीबी। फोटो: हरिभूमि



# तब आप बन जाएंगी स्मार्ट वर्किंग वूमेन

बहुत सी वर्किंग वूमेन को खुद से यह शिकायत रहती है कि पूरी मेहनत से काम करने के बाद भी उनको न अच्छा रिजल्ट मिलता है और न ही उनके पास टाइम बचता है। वास्तव में इसकी वजह वर्किंग स्टाइल का मिसमैनेजमेंट होता है। अगर कुछ बातों को अमल में लाएं तो आप स्मार्ट वर्किंग वूमेन बन सकती हैं।

कवर स्टोरी
**शिखर चंद जैन**

रागिनी इस बात से परेशान रहती है कि उसे अपने बिजी रूटीन में पल भर भी चैन से गुजारने की फुर्सत नहीं मिल पाती। इसके बावजूद वह घरेलू कामों में अपनी मां की मदद भी नहीं कर पाती है। उधर वर्कप्लेस पर सुबह से शाम तक लगातार काम में जुटे रहने के बाद भी उसका कोई न कोई ऑफिसियल वर्क पेंडिंग रह ही जाता है। हमेशा काम में उलझी रहने की वजह से वह अपने पर्सनल जरूरी काम भी लगातार टालती रहती है। इस बारे में एक बार जब उसने अपनी मां से डिस्कशन किया तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'बेटी तू व्यस्त कम, अस्त-व्यस्त ज्यादा रहती है।' अपनी मां की बात सुनकर रागिनी गंभीरता से अपने वर्किंग स्टाइल पर सोचने लगी कि आखिर उससे मिस्टेक कहां होती है? रागिनी की तरह ही कई वर्किंग वूमेन के साथ ऐसा होता है कि वे हमेशा काम में बिजी रहती हैं। ना इन्हें खाने-पीने की सुध होती है, ना मनोरंजन के लिए वक्त मिलता है। इन्हें ठीक से नींद भी नहीं आती और फ्रेंड सर्कल के साथ भी टाइम नहीं बिता पाती हैं। इसके बावजूद इनकी मेहनत का मनचाहा या बहुत बढ़िया रिजल्ट भी नहीं मिलता है। बल्कि पेंडिंग या सही तरीके से न किए गए वर्क की वजह से अकसर बॉस से डांट पड़ती है। ऐसे लोगों को समझना चाहिए कि ओवर बिजी होने और स्मार्ट वर्किंग पर्सन होने में फर्क होता है। गैरजरूरी व्यस्तता से बचने और हर काम को स्मार्टली करने के लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

## हर पल है कीमती

स्मार्ट वर्किंग वूमेन बनने के लिए अपने समय के हर पल का हिसाब रखना जरूरी है। आप अपना समय किन कामों में लगा रही हैं, आपको पता होना चाहिए। टाइम ट्रैकिंग ही बताएगी कि आप अपने टाइम को बर्बाद कर रही हैं या इसका सही यूज कर रही हैं। इसके लिए प्रियॉरिटी के आधार पर निश्चित समय पर जरूरी काम करने की आदत डालें। आलस्य और टालमटोल की आदत से दूर रहें। 'टाइम मैनेजमेंट' किताब में लिखा है कि आपको कर्मठता के साथ काम करने में समय का निवेश सही तरीके से करना चाहिए ताकि इसका बेहतर रिटर्न हासिल हो सके।

### अनावश्यक बातें ना करें

**हर काम** का एक वक्त होता है। जब आप किसी जरूरी ऑफिसियल प्रोजेक्ट पर काम कर रही हों तो उस दौरान कुलीग्स से बातचीत करने में समय नष्ट न करें। गॉसिप, हंसी-



मजाक आदि तभी करें, जब आपके पास स्पेयर टाइम हो। आप पब्लिक ट्रांसपोर्ट या पूल कार से ट्रैवलिंग के दौरान या फिर ऑफिस आवर्स खत्म होने के बाद ही पर्सनल बातें या गॉसिपिंग कर सकती हैं।



## एंज्वॉय करें वर्क

काम ऑफिस का हो या पर्सनल, जब आप बोझिल मन से उसे करती हैं तो एकाग्रता की कमी के कारण आपको उसे करने में ज्यादा समय लगता है। आधे-अधूरे मन से काम करने से गलती होने की आशंका रहती है। इसलिए गलती सुधारने के लिए एक ही काम को दो या तीन बार भी करना पड़ जाता है। वहीं अगर काम को एंज्वॉय करते हुए करेंगी तो काम ईजी लगेगा, सही होगा और कुछ जल्दी भी हो जाएगा। हॉर्वर्ड बिजनेस रिव्यू सजेस्ट करता है कि इसके लिए काम के पुराने तरीकों में थोड़े-थोड़े बदलाव करती रहें। कोई काम चुनौतीपूर्ण लगे तो उसे कागज पर लिख लें, चुनौतियों को नोट कर लें और एक-एक कर उन्हें दूर करती चलें। इसमें आपको मजा आने लगेगा और कॉन्फिडेंस भी बढ़ता जाएगा।

## रिलैक्स करें माइंड

जहां तक संभव हो दिन की शुरुआत और अंत हल्का और रिलैक्स्ड करना चाहिए। बेहतर परफॉर्मेंस के लिए अपने मन को सुकून देना बहुत जरूरी होता है। इस समय का इस्तेमाल काम करने के लिए नहीं बल्कि यह प्लान करने के लिए करें कि आपको अपना आज या कल का दिन किन कामों में इस्तेमाल करना है और कौन-सा काम कब करेंगे? इस दौरान आपको कई क्रिएटिव आइडियाज भी आएंगे, जो आपको प्रोडक्टिव बनाएंगे। अगर आप संगीत सुनना पसंद करती हैं तो रिलैक्स होने के लिए फेवरेट म्यूजिक या सॉन्ग सुन सकती हैं।

## मेंटल ट्रैप से बचें

अगर अपने ऑफिस वर्क के दौरान बिल्कुल समय ही नहीं बचता तो गौर करें कि उस दौरान कहीं आप यूजलेस वर्क करने, दूसरों को सपोर्ट देने में या गॉसिपिंग में तो टाइम वेस्ट नहीं करती हैं? 'ऑफ द क्लॉक' पुस्तक की लेखिका लॉरा वेंडरकैम इसे मेंटल ट्रैप कहती हैं। वह सलाह देती हैं, 'आपका समय ऐसी चीजों या काम में लगना चाहिए, जो आपको आर्थिक, सामाजिक, मानसिक और पारिवारिक लाभ दे और आपको रचनात्मक रूप से संतुष्ट भी रखे।'

कहने का सार है कि स्मार्ट वर्किंग वूमेन बनना बहुत टफ नहीं है। इसके लिए केवल आपको अपने वर्क को स्मार्टली मैनेज करना आना चाहिए।

# संयम और समझदारी से करें अपमानजनक स्थितियों का सामना

घर-परिवार, रिश्तेदारी, आस-पड़ोस या कार्यस्थल पर कई बार कोई व्यक्ति हमें अपमानित कर देता है, मन को ठेस पहुंचाने वाले शब्द बोल देता है। ऐसे में तुरंत प्रतिक्रिया करने या जैसे को तैसा जवाब देने के बजाय संयम और समझदारी से काम लेना चाहिए। ऐसा आप कैसे कर सकती हैं, यहां बता रहे हैं।

सेल्फ मोटिवेशन
**मोनिका शर्मा**



अब पछताए होत का, जब चिड़िया चुग गई खेत। यह कहावत जानने भर की नहीं मानने-समझने योग्य भी है। विशेषकर ऐसी स्थिति में, जब आपके मान को ठेस पहुंची हो। किसी ने दिल दुखाया हो। जान-बूझकर कमतर आंकने का खेल खेला हो। दरअसल, अपमानित होने की स्थिति में इंसान कुछ भी कर गुजरता है। आपराधिक घटनाओं से लेकर अभद्र व्यवहार तक कर जाने के ऐसे मामले आए दिन सुर्खियां बनते हैं। अधिकतर घटनाओं में बात केवल शांत मन से ठहर कर सोचने भर की होती है। असल में मन को ठेस पहुंचने की स्थिति में सोचने-समझने की सुध-बुध ही खो जाती है। मन को दुखाते ऐसे अवसरों पर जरा ठहरने में ही समझदारी है।

**अपनी मनःस्थिति को समझिए:** अपमानजनक परिस्थितियों में सबसे पहले तो अपनी मनःस्थिति को समझना और संभालना जरूरी होता है। भावनात्मक रूप से उन शब्दों से मत जुड़िए, जो आपका मन दुखाने के इरादे से ही कहे गए हैं। इरादतन मन को चोट पहुंचाने के लिए किए गए व्यवहार को दिल से मत लगाइए। अपने मन-मस्तिष्क को यह समझाना जरूरी है कि कोई भी दुर्भाव भरी बात आपके पूरे व्यक्तित्व पर प्रश्न खड़ा नहीं कर सकती। आपकी वैचारिक समझ को सवालों के घेरे में नहीं ला सकती है। ऐसे में आपको लेकर की गई नकारात्मक टिप्पणी या असभ्य बात को एक शब्द या वाक्य भर मानें। यह स्वीकार्यता स्वयं अपनी मनःस्थिति को समझे बिना संभव नहीं। ध्यान रहे कि अपने मन को समझ कर ही ऐसी उलझन भरी स्थिति में अपने आप को ऐसी समझाइश दी जा सकती है। यह समझाइश ही तनाव और आहत मन से खुद को निकालने में मददगार हो सकती है।



**दूसरे पक्ष को भी समझिए:** कई बार आपको भला-बुरा या अपमानजनक शब्द कह डालने वाला इंसान खुद ही उलझाऊ मनोभावों से घिरा होता है। किसी ना किसी तरह की पीड़ा या परेशानी उसे भी घेरे होती है। ऐसे लोग बाद में पछताते हैं। अपने बर्ताव के लिए बाद में माफी भी मांगते हैं पर अपमानित किए जाने की पीड़ा व्यक्ति के मन में घर बना चुकी होती है। इसके चलते सामने वाले इंसान को समझे बिना उसे और बड़ी चोट पहुंचाने का रास्ता चुन लिया जाता है। लाजिमी भी है क्योंकि कभी-कभी दूसरे लोगों का बर्ताव और शब्द इंसान के मन में बहुत परेशान करने वाली भावनाएं पैदा कर देते हैं। ऐसे में यह सोच पाना संभव नहीं कि अगले इंसान का दिलो-दिमाग भी दुख-तकलीफ या किसी तरह के असहनीय तनाव के हालात का शिकार हो सकता है। इसीलिए दूसरे इंसान के पक्ष को जानना-समझना भी आवश्यक है। ऐसे में अगर आप स्वयं को समझा पाने में असफल महसूस करें तो किसी आत्मीय मित्र से सारी बात साझा करें। वह आपके मनोव्यक्तित्व को जानकर स्थितियों को समझने में आपकी मदद करेगा। इससे आपको अपने भीतर के द्वंद्व से बाहर निकलने में मदद मिलेगी।

**ठहराव को चुनिए:** यह सच है कि अपमानजनक स्थिति का सामना करते समय खुद को संयत रखना मुश्किल होता है। मन में आक्रोश उमड़ने लगता है पर स्थिति को बहुत बिगड़ने से रोकने के लिए, थोड़ा ठहर जाना चाहिए। कभी-कभी ऐसी स्थिति में बहस या जवाब-तलब करने के बजाय चुप रह जाना ही अच्छा होता है। संभव हो तो ऐसी स्थिति को हंसकर टालने की राह ही चुनें। इस बर्ताव से होने वाले नुकसान को समझें। पल भर के आक्रोश के खामियाजे समझने का भाव ठहराव की ओर ले जाता है। जिंदगी में शांति और सुकून के लिए यह जरूरी है।



अब वो जमाने लद गए, जब बहू के आते ही घर में क्लेश शुरू हो जाता था। आज की बहू पारंपरिक सोच से उबरकर नई सोच और ऊर्जा लेकर नए घर में आती है, जिसमें हर रिश्ते के लिए होता है भरपूर प्रेम, स्नेह और सम्मान।

# नई सोच-ऊर्जा लेकर आती है आज की बहू

रिश्ते
**यशोधरा भटनागर**

पार्क में शीला जी को देख एकाएक मैं चौंक गई। नए फैशन का सलवार-सूट और पैरों में महंगे स्कैचर्स। उन्हें देखकर अच्छा भी लगा और थोड़ी कुढ़न भी हुई। 'क्या बात है बहुत खुश और बदली-बदली लग रही हो?' मेरे पूछने पर वे मुस्कुराईं और धीरे से बोलीं, 'नई बहू जो आ गई है।'

'अच्छा तो यह बात है। घर-बार उस बेचारी को सौंप तुम मजे कर रही हो।' आखिरकार मैंने अपने मन की बात को बाहर निकाल ही दिया। इस पर वह तुरंत बोल पड़ीं, 'नहीं! नहीं! प्रिया ने मुझे सिखाया कि मेरी अपनी भी जिंदगी है। सबके लिए अपना ख्याल रखना भी जरूरी है। मुझे लैपटॉप, मोबाइल फोन और बहुत कुछ उसने सिखा दिया है। बहू नहीं मेरी सहेली है। चलती हूं, प्रिया ऑफिस से लौटने वाली होगी। आज हमारा शॉपिंग के लिए जाने का प्लान है।' घड़ी की ओर देखती शीला जी अपने घर की ओर चल दीं। मैं उन्हें जाते देखते सोचती रह गई।

इसमें कोई दो राय नहीं कि जब किसी की बेटी घर में बहू बनकर जाती है, तो वह एक साथ कई भूमिकाएं लेकर आती है।

बहू केवल एक रिश्ता नहीं, बल्कि वह पूरे घर को प्रेम, ऊर्जा और उम्मीद से भर देती है।

### ससुर को देती है पिता जैसा स्नेह

केवल सास ही नहीं, ससुर की देखभाल में भी आज की बहुएं कोई



कसर नहीं छोड़ती हैं। उन्हें टाइम पर दवाइयां देना, उन्हें डॉक्टर के पास ले जाना, पार्क में टहलने ले जाना, उनके संग डिस्कशन करना, उनकी मनपसंद डिशेज बनाकर खिलाना, उनके बैंक के काम ऑनलाइन करवाने में मदद करना जैसे कई काम वे खूब उत्साह से करती हैं। ससुर को लगता है जैसे बहु के रूप में उन्हें एक और बेटी मिल गई है।

**समझती-निभाती है अपनी जिम्मेदारियां:** समय के साथ हर रिश्ते में स्त्रियों ने अपनी भूमिका को समझा है और उससे जुड़ी जिम्मेदारियों को निभाती भी हैं। आज के दौर में बहू के रूप में आने वाली बेटियां, उच्च शिक्षा प्राप्त होती हैं, आत्मनिर्भर होती हैं और तकनीकी रूप से सक्षम भी होती हैं। वे जानती हैं कि उन्हें सिर्फ रोटियां ही नहीं बेलनी, रिश्तों को भी संजोना है, संवारना है। वे घर की चहारदीवारी में सीमित नहीं रहती हैं, बल्कि घर से बाहर की जिम्मेदारियां भी उतनी ही सजगता से निभा रही हैं।

**सास की बन जाती है सखी:** आज की बहू सास के खिलाफ साजिश या उनसे बहस नहीं बल्कि दोस्ती करती है। वह सास को व्हाट्सएप ऑपरेट करना सिखाती है, फेसबुक पर अकाउंट बनवाती है, उन्हें टेक्नोस्मार्ट बनाती है।

**हर परिस्थिति में रहती है सहज:** नए दौर की बहू बहुत समझदारी से हर कंडीशन को हैंडल करना जानती है। समस्या की घड़ी हो या कोई आकस्मिक परिस्थिति, वह घबराती नहीं है। धैर्य के साथ सहज होकर वह उचित निर्णय लेती है। घर के हर फैसले में अपनी भागीदारी निभाती है, और जरूरत पड़ने पर पूरे परिवार को संभालती है।

**यही होती है उसकी अपेक्षा:** अगर हम बहू को सम्मान, स्वतंत्रता और स्नेह देंगे, तो वह और भी तन्मयता से घर को संजोने में खुद को अर्पित कर देगी। वह बस इतना चाहती है कि उसे समझा जाए, सराहा जाए और स्वीकार किया जाए।

# तब आप दिखेंगी स्टाइलिश-अट्रैक्टिव

फैशन ट्रेंड
**ललिता गोयल**

जब मौसम बदलता है तो न केवल ड्रेसअप, फैशन ट्रेंड भी बदल जाता है। हालांकि कई जगहों पर बारिश शुरू हो चुकी है लेकिन उमस भरी गर्मी अभी भी बनी हुई है। ऐसे में हर महिला कुछ ऐसा पहनना चाहती है, जो हल्का और सुकून देने वाला तो हो ही, साथ ही कूल और स्टाइलिश लुक भी दे।

**फैशन के साथ कंफर्ट भी:** उमस वाली गर्मी में फैशन और कंफर्ट का सही बैलेंस बनाए रखने के लिए लाइट, ब्रीदेबल और ट्रेंडी फैब्रिक वाली ड्रेस पहननी चाहिए। इससे आपका लुक कूल और क्लासी भी लगेगा। गर्मी में कॉटन के अलावा रेयॉन, सिल्क, ऑर्गेंजा सिल्क, जॉर्जेट, शिफॉन, लिनेन जैसे फैब्रिक को आप अपनी वार्डरोब में जगह दे सकती हैं। इन फैब्रिक की साड़ियों से लेकर



सूट और वेस्टर्न अटायर तक बेहतरीन लगते हैं। गर्मी में फ्लावरी प्रिंट की लंबी ड्रेस, वन शोल्डर मिडी ड्रेस, रफल ड्रेस, स्ट्रेपी मैक्सी ड्रेस विद लिनेन जैकेट शॉर्ट्स और टॉप या जंपसूट भी बहुत अच्छे लगते हैं। स्लीवलेस कॉटन मिडी इस सीजन में कूल-क्लासी लुक देते हैं। अगर आप अपने समर लुक में फ्रेशनेस और एलिगेंस चाहती हैं, तो ब्लू और व्हाइट फ्लोरल प्रिंट वन पीस परफेक्ट चॉइस हो सकती है। यह आपको कूल और फ्रेश लुक देगी।

**आउटफिट कलर:** मौसम के हिसाब से फैब्रिक का सही कलर चुनना जरूरी होता है। गर्मी में आपको न्यूट्रल कलर की ड्रेस पहननी चाहिए। वैसे तो व्हाइट कलर इस सीजन के लिए बेस्ट कलर माना जाता है। इसके अलावा आप लाइट ग्रीन, यलो, बेबी पिंक, स्काई ब्लू, टरक्वायज ब्लू, बेज या ग्रे कलर भी चुन सकती हैं।



**स्टाइलिश सनग्लासेस-हैट्स:** इस सीजन में घर से बाहर निकलते समय स्टाइलिश सनग्लासेस और हैट पहनने से न सिर्फ धूप से बचाव होता है, बल्कि ये आपको स्टाइलिश भी दिखाते हैं। ये दोनों ही चीजें आपके ओवरऑल लुक में एक्स्ट्रा स्टाइल एड करती हैं।

**एसेसरीज-मेकअप हो सुटेबल:** उमस भरी गर्मी के दिनों में लाइट वेट ज्वेलरी कैरी करनी चाहिए। यह कंफर्टेबल होने के साथ-साथ आपको एलिगेंट लुक देती है। गर्मी में पेस्टल कलर की ज्वेलरी जैसे सॉफ्ट पिंक, कोरल, सिल्वर ज्वेलरी, कलरफुल बीड्स की फंकी ज्वेलरी स्टाइलिश और कूल लुक देती है। इसके अलावा एसेसरीज में स्टड ईयररिंग्स, पर्ल ड्रॉप ईयररिंग, कोरल ब्रेसलेट, फूल-पत्तियों के पैटर्न वाले नेकपीस शामिल कर सकती हैं। इस सीजन में लाइट मेकअप ही करें।

**(फैशन डिजाइनर मीनाक्षी खंडेलवाल से बातचीत पर आधारित)**

प्रेग्नेंसी के दौरान कई महिलाओं को हाई ब्लड प्रेशर होता है। लेकिन जब यह कंट्रोल से बाहर होने लगे और साथ में अन्य समस्याएं भी होने लगें तो लापरवाही न करें। ऐसे में क्या करें, डिटेल में बता रहे हैं।

# अगर प्रेग्नेंसी के दौरान होने लगे हाई ब्लड प्रेशर

मेडिकल सजेशन
**डॉ. नीता सिंह**
**सीनियर प्रोफेसर-गायनेकोलॉजी**
**एम्स, नई दिल्ली**

प्रेग्नेंसी में आमतौर पर 20वें से लेकर 24वें सप्ताह से गर्भवती महिला का ब्लड प्रेशर बढ़ना शुरू हो जाता है, जिसे जेस्टेशनल हाइपरटेंशन या प्रेग्नेंसी इंड्यूस हाइपरटेंशन कहा जाता है। यानी, महिला को गर्भावस्था से पहले ब्लड प्रेशर की शिकायत नहीं होती, लेकिन गर्भावस्था के 20वें सप्ताह के बाद उसे हाई ब्लड प्रेशर हो जाता है। इसकी वैल्यू 140/90 मिमी एचजी को पार कर सकती है। डॉक्टर इसकी रीडिंग कम से कम 6 घंटे के अंतराल पर दिन में दो बार करते हैं। हाई ब्लड प्रेशर होने पर यूटरस में प्लेसेंटा के माध्यम से बच्चे में जाने वाला ब्लड सप्लाई पूरी तरह से नहीं हो पाती। इसकी वजह से बच्चे में ऑक्सीजन और पौष्टिक तत्वों की आपूर्ति कम मात्रा में होती है। इस वजह से बच्चे के जन्म के समय लो बर्थ रेट, बच्चे का विकास समुचित नहीं होता, बच्चा कमजोर पैदा हो सकता है।

**क्या है प्री-एक्लेंपसिया:** जब गर्भवती महिला का ब्लड प्रेशर कंट्रोल नहीं हो पाता है, तो उसके विभिन्न अंग प्रभावित हो सकते हैं। उनमें सबसे महत्वपूर्ण है, किडनी खराब होना जिससे यूरिन में प्रोटीन और यूरिया आने की समस्या शुरू हो जाती है। इस स्थिति को प्री-एक्लेंपसिया कहा जाता है। 24 घंटे में महिला के शरीर से यूरिन में 2 ग्राम से अधिक प्रोटीन निकलने लगता है। प्री-एक्लेंपसिया में मां के यूटरस से प्लेसेंटा अलग हो सकता है, प्लेसेंटल एब्रप्शन, यूटेरस में ब्लीडिंग या फिर प्री-टर्म डिलीवरी हो सकती है।



**तब कंडीशन हो जाती है सीरियस:** प्री-एक्लेंपसिया के लक्षण पहचाने न जाने और उचित उपचार न हो पाने पर एक्लेंपसिया की स्थिति आ सकती है। इसमें गर्भवती महिला को दौरे या फिट्स आने लगते हैं, जिसे एक्लेंपिक फिट कहा जाता है। ये दौरे काफी गंभीर होते हैं, जिसमें उसे मिर्गी के दौरे के समान बहुत जोर-जोर से झटके आने लगते हैं। झटकों के साथ महिला के शरीर में बदलाव होने से गर्भ में पल रहे बच्चे में ब्लड सप्लाई बंद हो सकती है। कई महिलाएं झटकों को संभाल नहीं पातीं, गिर जाती हैं। ऐसे में बहुत तेज झटकों के कारण महिला-बच्चे दोनों की मौत हो सकती है। ब्लड प्रेशर और फिट्स कंट्रोल करने के लिए समुचित मेडिसिन देकर उनका उपचार संभव हो जाता है।

### इन्हें होता है ज्यादा रिस्क

- जिस महिला की पहली प्रेग्नेंसी हो।
- मां की आयु 20 साल से कम या 35 साल से अधिक हो।
- गर्भ में पल रहे बच्चे जुड़वां हों।
- प्रेग्नेंसी आइवीएफ से हो।
- मां अगर स्मोकिंग या दूसरे ड्रग्स लेती हो।
- गर्भावस्था के पहले से ही ब्लड प्रेशर, डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियां हों, मोटापा हो, पहली प्रेग्नेंसी में हाई ब्लड प्रेशर रहा हो या इसकी फैमिली हिस्ट्री हो।

**प्रमुख लक्षण:** प्रेग्नेंसी के दौरान अगर महिला यहां बताए जा रहे लक्षण महसूस करती है तो बिना देर किए डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। जैसे- बीपी बढ़ना, 10-15 दिन में 2-3 किलो वजन बढ़ना, हाथ-पैरों या शरीर के किसी भी अंग में सूजन आना, चक्कर आना, जी घबराना, उल्टी आना, आंखों से धुंधला दिखना, सिर दर्द होना।

**क्या है उपचार:** एक्लेंपसिया के उपचार की प्रक्रिया में ब्लड प्रेशर को एंटी-हाइपरटेंसिव मेडिसिन पेशेंट को देकर तुरंत कंट्रोल करना पड़ता है। एक्लेंपसिया के लिए मरीज को इंजेक्शन के माध्यम से भी दवा देते हैं। इसमें समय पर ट्रीटमेंट जरूरी है।

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

**खबर संक्षेप**

## नहरों में नहाने व तैराकी करने पर पाबंदी

**बेरी।** उपमंडलाधीश रेणुका नांदल ने कहा कि उपमंडल की सीमा से गुजरने वाली जेएलएन सहित अन्य नहरों में नहाने व तैराकी करने पर पूरी तरह मनाही है।


रेणुका नांदल, उपमंडलाधीश, बेरी

अक्सर गर्मी के मौसम में नहरों में उतरकर नहाने और तैराकी के कारण हादसा होने का खतरा बना रहता है। हादसों पर रोक को लेकर प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आदेशों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## बुड़ोली से मोटर साइकिल चुरा ले गए चोर

**रेवाड़ी।** गांव बुड़ोली से चोर युवक की मोटर साइकिल चोरी कर ले गए। बुड़ोली निवासी उदयभान ने खोल थाना पुलिस को ऑनलाइन माध्यम से की शिकायत में बताया कि उसने 21 जून को रात करीब 11:59 बजे अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। जब सुबह देखा तो वहां से मोटर साइकिल गायब थी। काफी तलाश करने पर भी बाइक का कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस ने अज्ञात पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

## पाली से तीन दिन से युवक लापता

**रेवाड़ी।** जिले के गांव पाली से 18 वर्षीय छात्र लापता हो गया। गांव पाली निवासी कृष्ण ने कुंड चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके तीन लड़के है। सबसे बड़े बेटे कपिल ने इस वर्ष 12वीं पास की है। उसका बेटा कपिल 21 जून से घर से लापता है। सभी रिश्तेदारियो में पता करने पर भी कपिल का कोई पता नहीं चला है। उन्होंने अपने बेटे को किसी के छिपाने का संदेह जताया है। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर युवक की तलाश शुरू की है।

## नई अनाजमंडी में काम से आए युवक की बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** नई अनाजमंडी में किसी काम से आए युवक की बाइक चोरी हो गई। गांच चांदावास निवासी महेश कुमार ने सेक्टर-3 चौकी पुलिस को बताया कि वह 22 जून को नई अनाजमंडी में किसी काम से आया था। सुबह करीब 9:55 बजे वह अपनी मोटर साइकिल को दुकान नंबर-69 के सामने खड़ी करके अंदर चला गया था। जब वह 10 मिनट बाद बाहर आया तो वहां से मोटर साइकिल गायब थी। इधर-उधर पूछताछ व तलाश करने पर जब बइाक नहीं मिली तो उसने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

## गोकलगढ़ से ट्रैक्टर की ट्राली चुरा ले गए चोर

**रेवाड़ी।** गांव गोकलगढ़ से चोर ट्रैक्टर की ट्रॉली चोरी कर ले गए। गोकलगढ़ निवासी जगत सिंह ने सदर थाना पुलिस को बताया कि उसका मकान गांव गोकलगढ़ में कालूवास रोड पर है। 20 जून को उसने घर के बाहर ट्रॉली को खड़ा करके ट्रैक्टर को अपने घर के अंदर खड़ा किया था। जब 21 जून को सुबह बाहर आकर देखा तो ट्रैक्टर की ट्रॉली गायब थी। उसने गांव में लग सीसीटीवी कैमरे चैक किए तथा ट्रॉली की तलाश की, लेकिन ट्रॉली का कोई सुराग नहीं मिल पाया।

### केमिस्ट शॉप पर सीसीटीवी की निगरानी जरूरी

# डीसी ने डॉक्टर की पर्ची के बिना दवा देने पर सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश

■ स्वास्थ्य और औषधि विभाग को निर्देश दिए कि वे मेडिकल स्टोर्स पर सघन निगरानी रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सोमवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसी ने कहा कि अब नशा मुक्ति केवल एक अभियान नहीं, प्रदेश सरकार का एक महत्वपूर्ण मिशन है। समाज को सुरक्षित और युवाओं को सक्षम बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने उपमंडलों में ग्राम पंचायतों को साथ लेकर नशे की प्रवृति के खिलाफ व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाएं। इसके लिए सभी विभागों को समन्वय से मिशन मोड में कार्य करना होगा।

उन्होंने स्वास्थ्य और औषधि विभाग को निर्देश दिए कि वे मेडिकल स्टोर्स पर सघन निगरानी रखें ताकि प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री न हो। डॉक्टर की पर्ची के बिना दवा देने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। केमिस्ट शॉप पर सीसीटीवी की निगरानी जरूरी है।


झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो :हरिभूमि

### डीसी ने की चिन्हित अपराधों की समीक्षा, केसों के निपटान में तेजी लाने के दिए निर्देश

**झज्जर।** जिले में चिन्हित अपराधों, लैंगिक न्याय से जुड़े मामलों और संवेदनशील कानूनों के तहत दर्ज केसों की सुनवाई और निपटान त्वरित किया जाए। ऐसे मामलों में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि प्रशासन का मकसद पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाना है। बैठक में चिन्हित अपराध के तहत दर्ज केसों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग ऐसे गंभीर केस चिन्हित करें जो सामाजिक दृष्टिकोण से भी संवेदनशील हैं और जिनमें त्वरित न्याय जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिए कि गवाहों को समय पर समन भेजना और जांच अधिकारी की कोर्ट में उपस्थिति सुनिश्चित करें।



झज्जर। विजेता पहलवानों के साथ मंच पर उपस्थित प्रबद्धजन। फोटो :हरिभूमि

## अंकित गुलिया ने हैवी सीनियर वेट कैटगरी में जीता गोल्ड

**झज्जर।** पहलवान अंकित गुलिया ने सीनियर सुपर हैवी वेट 130 किलोग्राम कैटेगरी में प्रथम स्थान हासिल कर मुकाबला जीता है। इस कुश्ती मुकाबले में प्रदेश के विभिन्न जिले के पहलवानों ने भाग लिया। अंकित ने रोहतक के जोरा अखाड़े के पहलवान को पटखनी देकर मुकाबला जीता। अंकित गुलिया के पिता दयानंद उर्फ मिंटू ठेकेदार तथा ताऊ आनंद गुलिया ने बताया कि अंकित पिछले करीब चार वर्षों से शहीद भगत सिंह अखाड़ा रोहतक में कोच अशोक ढाका के पास कुश्ती के गुर सीख रहा है। इससे पहले भी जिला व प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन कर चुका है। अब 21 जून से 23 जून तक पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में उसने मुकाबला जीता है। इस मौके पर योगेश थानेदार, विक्की, मांगेराम, नंदे, विकास, शौकी गुलिया, प्रदीप कुमार आदि ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## आमजन को किया नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक


झज्जर। नशे के दुष्प्रभाव के प्रति आमजन को जागरूक करते हुए पुलिस टीम। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** जिले को नशा मुक्त बनाने की मुहिम के तहत पुलिस की विभिन्न टीमें आमजन को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को पुलिस टीम द्वारा एएसआई राखी के नेतृत्व में अहरी, कुलाना, चांदपुर, पाटौदा आदि गांवों में ग्रामीणों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा कोई भी हो वह परिवार को बर्बाद कर देता है। समाज में अधिकांश अपराध नशे के कारण ही हो रहे है। पहले युवा नशा शौक के कारण करता है और बाद मे धीरे धीरे वह अन्य नशे हेरोईन, अफीम आदि जानलेवा नशे लेना शुरु कर देता है। इसके बाद में नशे की लत पड़ने पर उसका जीवन बर्बाद हो जाता है। नशे की बुरी लत से हमारे स्वास्थ्य के साथ साथ धन की हानि होती है। नशे से हजारों घर बर्बाद हो चुके है। इसलिए हमें नशे से दूर रहना चाहिए और यदि कोई व्यक्ति आपके आसपास नशे का कारोबार करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दी जाए ताकि ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी। इस दौरान सरपंचों व प्रबुद्धजनों ने भी नशा मुक्ति अभियान में पुलिस का हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# महिला बंदियों व कैदियों के लिए स्वच्छता एवं पुनर्वास जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

■ महिलाओं को सही समय पर सेनेटरी पैड बदलने, साफ-सफाई रखने और संक्रमण से बचाव के तरीकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

इंडेप्थ विजन फाउंडेशन तथा सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा सोमवार को स्थानीय जिला कारागार में सामाजिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला बंदियों को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरुक करना तथा उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाना रहा। इस दौरान महिला बंदियों को जीवन में सकारात्मक परिवर्तन के लिए प्रेरित किया गया ताकि वे यहां से निकलने उपरांत समाज में एक नई शुरुआत कर सकें। कार्यक्रम में सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया की प्रतिनिधि पूनम देशवाल ने मासिक धर्म से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों को तोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने महिला कैदियों को बताया कि मासिक धर्म एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है, जिसे लेकर शर्म या संकोच की भावना नहीं रखनी चाहिए। उन्होंने महिलाओं को सही समय पर सेनेटरी पैड बदलने, साफ-सफाई रखने और संक्रमण से बचाव के तरीकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान महिला बंदियों व कैदियों में निःशुल्क सेनेटरी पैड भी वितरित किए गए। इंडेप्थ विजन फाउंडेशन की सदस्या खुशी ने आध्यात्मिक और मानसिक रूप से स्वयं को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने जीवन में आशा, आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित जिला कारागार के डिप्टी सुपरिंटेंडेंट अमित कुमार ने कहा कि इस प्रकार की सामाजिक गतिविधियां जेल में बंद लोगों के मानसिक और नैतिक पुनर्वास में सहायक सिद्ध होती हैं।


झज्जर। जेल में बंद महिलाओं में सेनिटरी पैड वितरित करते हुए संस्था प्रतिनिधि पूनम देशवाल। फोटो :हरिभूमि

# देशी कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

■ पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

बावल थाना पुलिस ने गांव पनवाड निवासी एक व्यक्ति को देशी कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला अलवर के गांव बिलाहेडी निवासी विक्रम के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गांव पनवाड निवासी हुकम सिंह गत 26 मार्च को अपने खेत में सरसों काटने जा रहा था। इस दौरान रास्ते में उसके गांव का नरेश उर्फ नरिया ट्रैक्टर पर आया और उसे देशी कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर राजस्थान की तरफ भाग गया। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपी गांव पनवाड निवासी नरेश उर्फ नरिया व गांव टीकला निवासी बच्चू सिंह को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपी नरेश उर्फ नरिया के कब्जे से एक देशी कट्टा भी बरामद किया था। आरोपियों से पूछताछ के बाद इस बात का खुलासा हुआ था नरेश उर्फ नरिया ने अवैध देशी कट्टा गांव टीकला निवासी बच्चू सिंह से लिया था तथा बच्चू सिंह को हथियार राजस्थान के जिला अलवर के गांव बिलाहेडी निवासी विक्रम ने उपलब्ध कराया था। पुलिस ने रविवार को मामले में संलिप्त विक्रम को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया है।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी विक्रम। फोटो :हरिभूमि

## सैलून पर एसी ठीक करने गए कंपनी इंजीनियर के साथ मारपीट, पुलिस कर रही जांच

**रेवाड़ी।** कंपनी से सैलून पर एसी ठीक करने गए कर्मचारी के साथ मारपीट हो गई। गांव कायमपुर जौखावास जिला अलवर राजस्थान निवासी रोहित यादव ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने मामा कृष्ण कुमार के पास खेड़ा आलमपुर में रहता है और हिताची एसी कंपनी में फील्ड इंजीनियर है। उसे 19 जून को कंपनी की ओर से एसी खराब होने की कंपलैंड मिली थी कि पोसवाल चौक स्थित सुनील हेयर सेलून का एसी खराब है। जब वह सेलून पर पहुंचा तो वहां के कारीगरों ने सेलून मालिक सुनील को बुलाया। सुनील ने आते ही गुस्से में कहा कि एसी ठीक कर दे नहीं तो जान से मार दूंगा। उसने जब कहा कि ठीक कर रहा हूं आप गुस्सा क्यों कर रहे हो। इतना कहते सुनील ने इंजीनियर के थप्पड़ मार दिया तथा सेलून का शटर बंद करके उसके साथ के 5-6 लड़कों ने उसके साथ मारपीट की। रोहित ने आरोप लगाया कि उन्होंने उसका मोबाइल छीन लिया और उससे जबरदस्ती लिखवाया कि वह सेलून में चोरी करने के ईरादे से आया था और उसके गल्ले से 5000 रुपये निकाले थे। उसके बाद वे इंजीनयर को जबरदस्ती सेलून के पीछे मकान में ले गए और वहां पर उसके साथ मारपीट की।

## प्रॉपर्टी आईडी के सत्यापन के लिए लगेंगे कैंप

**बहादुरगढ़।** शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आदेश अनुसार नगर परिषद द्वारा लाल डोरा आबादी की संपत्तियां के सत्यापन के लिए वार्ड नंबर-16, 24 व 25 में विशेष कैंप लगाए जाएंगे। प्रॉपर्टी आईडी की सेल्फ सर्टिफिकेशन के लिए वार्ड नंबर-1 से 31 तक अलग से कैंप लगाए जाएंगे। परिषद के कार्यकारी अधिकारी अरुण नांदल ने बताया कि वार्ड नंबर-16 की 7-बिसवा चौपाल में 25 जून से 28 जून तक, वार्ड 24 में किला मौहल्ला स्थित रामलीला कमेटी में 30 जून से 4 जुलाई तक और वार्ड 25 के सतनारायण मंदिर में 7 जुलाई से 11 जुलाई तक नगर परिषद की टीम दावे आपत्ति सुनने के साथ ही सेल्फ सर्टिफिकेशन का कार्य करवाएगी। भूमि अधिकारी नीरज कुमार के साथ ही पूरी टीम सुबह 10 बजे से 4 बजे तक इन जगहों पर उपलब्ध रहेगी। शहर के वार्ड नंबर एक से लेकर 31 तक प्रॉपर्टी आईडी के स्वयं सत्यापन को लेकर भी 24 जून से 6 सितंबर तक कैंप लगाए जाएंगे। ये सभी कैंप संबंधित पार्षदों के कार्यालयों पर लगाए जाएंगे। ईओ अरुण नांदल ने आमजन से अनुरोध किया है कि इन कैंपों में पहुंचकर अपनी संपत्तियों को स्वयं सत्यापित करें।

# गुम हुआ मोबाइल लौटा कर दिया ईमानदारी का परिचय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के डायमंड चौक पर एक दुपट्टा विक्रेता को जब दुकान के बाहर एक कीमती मोबाइल पड़ा मिला तो उसने उसे अपने पास संभाल रख लिया। इसके बाद जब संबंधित युवक अपने मोबाइल की तलाश करता हुआ दुकान तक पहुंचा तो व्यापारी ने ईमानदारी का परिचय देते हुए स्थानीय व्यापार मंडल प्रधान राकेश अरोड़ा के समक्ष उस युवक को फोन थमा दिया। राकेश अरोड़ा ने बताया कि डायमंड चौक पर विजय कुमार द्वारा चुन्नी व दुपट्टे की दुकान की हुई है।

विजय की नजर जब दुकान के सामने पड़े मोबाइल फोन पर पड़ी तो उसने यह सोच कर फोन अपने पास रख लिया कि किसी ग्राहक का गिर गया होगा। इसके बाद जब फोन मालिक युवक अपना फोन खोजते हुए दुकान पर पहुंचा तो उसने मोबाइल गुम होने का जिक्र किया तो विजय ने उसका फोन उसे सौंप दिया। इस मामले में युवक ने बताया कि उसका यह फोन करीब अस्सी से नब्बे हजार रुपये कीमत है।

## गोल्डन आवर में कैशलेस इलाज मना करने वाले सूचीबद्ध अस्पतालों पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने सोमवार को सड़क सुरक्षा पर आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को सरकार की योजना के तहत डेढ़ लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध है। यह सुविधा आयुष्मान भारत योजना से जुड़े अस्पतालों में उपलब्ध है। उन्होंने सभी अस्पतालों को निर्देश दिए कि किसी भी घायल का इलाज प्राथमिकता से किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। जो अस्पताल इलाज के लिए मना करते हैं ऐसे सूचीबद्ध अस्पतालों के बारे में आवश्यक कार्यवाही शुरू करें।

### कार्यकर्ताओं के साथ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया

# चेयरपर्सन कार्यालय में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्यतिथि पर नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने अपने कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नमन किया। उनके अनुसार विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के करोड़ों सदस्य आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की राष्ट्रवादी विचारधारा का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं के साथ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि उन्होंने सदैव राष्ट्रहित के लिए कार्य किया। मुखर्जी धर्म के आधार पर विभाजन के कट्टर विरोधी थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुखर्जी के सपनों को साकार करने में जुटे हैं। मोदी द्वारा सत्ता के माध्यम से अंत्योदय की भावना के तहत आमजन की भलाई की जा रही है। पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी ने कहा कि सीएम नायब सैनी द्वारा समाज की अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति को लाभकारी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। पार्षद राजेश तंवर, भरत सिंह, सतीश शर्मा, रमेश कुमार, लीला देसवाल, संदीप सैनी, मनमोहित गुप्ता, सुमित बराही व प्रभु सिंह ने भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन किया।



बहादुरगढ़। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करती सरोज राठी व भाजपा कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### बलिदान दिवस पर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

**झज्जर।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके राष्ट्रहित में दिए गए बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय राजनीति के ऐसे युगद्रष्टा थे जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका जीवन राष्ट्रसेवा और सिद्धांतों के लिए संघर्ष की मिसाल है। इस दौरान जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, नपा चेयरमैन बेरी देवेंद्र कादियान, मंडल अध्यक्ष राजबीर कौशिक, मनीष नंबरदार दुजाना, जय किशन छिल्लर, सीमा दहिया, संजीव कादियान सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि फोटो :हरिभूमि

**जल ही जीवन है, इसे बचाएं**

**कार्यालय नगर परिषद, बहादुरगढ़।**

**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती वेदवती (पत्नी), अशोक कुमार (पुत्र) व धर्मबीर (पुत्र) स्व. जय भगवान निवासी जटवाड़ा मौहल्ला, 5-बिसवा द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No 3BW7D927 Ward No. 17, कॉलोनी 5-बिसवा, जटवाड़ा मौहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 302 से 302 वर्ग गज करवाने हेतु Online Application No. 0185473011 द्वारा अप्लाई किया है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति नम्बर 3BW7D927 वार्ड नंबर-17 कॉलोनी 5-बिसवा, जटवाड़ा मौहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति 3BW7D927 / 302 वर्ग गज प्रार्थी श्रीमती वेदवती (पत्नी), अशोक कुमार (पुत्र) व धर्मबीर (पुत्र) स्व. जय भगवान के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद बहादुरगढ़।

## खबर संक्षेप



### समाधान शिविर में डीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**झज्जर।** सोमवार को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने आमजन की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समाधान शिविर में कुल 15 शिकायतें दर्ज हुई। समाधान शिविर में राजस्व, नगर निकाय, बिजली, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास, खाद्य एवं आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### घर में घुस कर मारपीट करने का लगाया आरोप

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव माजरा डी में एक महिला द्वारा गांव के कुछ लोगों पर घर में घुस कर मारपीट करने व कैमरे और डीवीआर को उखाड़ लेने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में प्रियंका ने बताया कि बीती 21 जून को शोलू, अमित, संजीव, सत्यवान, ओमवीर, रणवीर, काले आदि ने घर में घुस कर पहले घर में लगे कैमरों को तोड़ा तथा डीवीआर उखाड़ी उसके बाद सभी ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। प्रियंका का आरोप है कि आरोपियों ने जहां उन्हें मारपीट के बाद कमरों में बंद कर दिया।

### टाइटल के साथ प्रदेश के खेल निदेशक ने डेढ़ लाख रुपये व गुर्ज भेंट किया

# रोहद के पहलवान रजत रुहल ने जीता हरियाणा केसरी खिताब

प्रतियोगिता में पूरे हरियाणा के सभी जिलों से चयनित पहलवानों ने भाग लिया।

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़**

पंचकुला के ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में 20 जून से 23 जून तक हरियाणा राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जहां फ्री स्टाइल में हरियाणा केसरी का टाइटल गांव रोहद निवासी अंतराष्ट्रीय एवं भारत केसरी पहलवान रजत रुहल ने जीता।

प्रतियोगिता में पूरे हरियाणा के सभी जिलों से चयनित पहलवानों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन और लड़कियों की कुश्तियां विभिन्न आयु व भारवर्ग में हुई। हिंद केसरी सोनू पहलवान अखाड़ा में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले रजत अर्जुन अवॉर्डी पहलवान धर्मेंद्र दलाल के शिष्य हैं। रजत ने लगातार 5 कुश्ती जीत कर टाइटल जीता। फाइनल में रजत ने भिवानी के पहलवान बिजेंद्र को 10-0 से पराजित किया। हरियाणा सरकार के खेल निदेशक संजीव वर्मा ने रजत को पुरस्कार के रूप में 1 लाख 51 हजार रुपये, एक गुर्ज और हरियाणा केसरी टाइटल का पट्टा दिया।

रजत ने कहा कि यह जीत उनकी मेहनत और गुरु धर्मेंद्र दलाल के प्रशिक्षण का परिणाम है।



बहादुरगढ़। टाइटल जीतने के बाद रजत रुहल। फोटो :हरिभूमि

## किक बॉक्सिंग में झज्जर ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी



बहादुरगढ़। विजेताओं को पुरस्कृत करते मंत्री गौरव गौतम। फोटो : हरिभूमि

■ अंतरराष्ट्रीय किकबॉक्सर मधु कुमारी को बेस्ट फाइटर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

**बहादुरगढ़।** फरीदाबाद में 24वीं ऑल हरियाणा राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में फरीदाबाद पहले, गुरुग्राम और झज्जर तीसरे नंबर पर रहा। हालांकि ओवरऑल ट्रॉफी झज्जर ने ही जीती। अंतराष्ट्रीय किकबॉक्सर मधु कुमारी को बेस्ट फाइटर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री विपुल गोयल और गौरव गौतम ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। हरियाणा राज्य किकबॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल भी मौजूद रहे। कोच जसवंत सिंह ने बताया कि 20 से 22 जून तक हुई इस प्रतियोगिता में झज्जर जिले के 13 खिलाड़ियों ने भाग लिया। छह वर्षीय दृष्टि सैनी ने भी स्वर्ण पदक जीता। सब जूनियर में राधिका ने 60 किलोग्राम में स्वर्ण पदक और जूनियर महिला में नैंसी 65 किलोग्राम में सिल्वर मेडल जीता। सीनियर महिला खिलाड़ी मधु कुमारी ने 55 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीता। पुरुष सब जूनियर में वीर गुलिया ने स्वर्ण पदक जीता। केन्व गुलिया 42 किलो में सिल्वर मेडल, हनीश डगर ने 47 किलो में कांस्य व सिल्वर मेडल जीता। ओल्डर कैडेट में वंशराज ने 45 किलो में स्वर्ण पदक जीता। केडिट जूनियर में कार्तिक ने स्वर्ण पदक जीता। निखिल कुमार ने 57 किलो में सिल्वर और एक स्वर्ण पदक जीता। जूनियर में नितिन ने 54 किलो में स्वर्ण पदक, रौनक कुमार ने 63 किलो में स्वर्ण पदक जीता। नसीब कुमार ने 57 किलो में स्वर्ण पदक जीता। साथ ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का कर लिया है।



बहादुरगढ़। निजामपुर रोड पर जमा सीवर का गंदा पानी। फोटो :हरिभूमि

## सड़क पर गंदा पानी सीवर का ढक्कन गायब

■ राहगीर संग स्थानीय लोगों का चलना दुश्वार हो गया

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़**

शहर के निजामपुर रोड पर नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, इससे राहगीर संग स्थानीय लोगों का चलना दुश्वार हो गया है। इस समस्या को लेकर प्रशासन गंभीर नहीं है। राष्ट्रीय एकता मंच पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रामू प्रजापति ने कोई हादसे होने से पहले ही समस्या का समाधान करवाने की मांग की है।

बता दें कि निजामपुर रोड पर स्थित बिहार कॉलोनी में स्थिति बड़ी दयनीय है। नगर की सीमा में होने के बावजूद यह इलाका विकास से अब तक अछूता है। शराब ठेके से धर्मकांटा तक सीवर लाइन पूरी तरह से जाम है। इसके चलते गंदा पानी सड़कों पर फैला रहता है। पूरे क्षेत्र में अत्यधिक दुर्गंध और गंदगी का माहौल बन गया है। सीवर का ढक्कन खुला हुआ है, जिसके कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इससे राहगीरों की जान को हर समय खतरा बना हुआ है। रामू प्रजापति ने कहा कि मानसून की शुरुआत हो चुकी है, ऐसे में सीवर लाइन की सफाई का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाना चाहिए। बारिश के बिना भी जलभराव से क्षेत्रवासियों को पैदल चलने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खुले सीवर में गिरने से नागरिकों को चोटिल होने का खतरा भी बना रहता है। जल्द सीवर लाइन की सफाई कराई जाए और खुले सीवर को ढकवाया जाए ताकि दुर्घटना को रोका जा सके।

## किरयाणा की दो दुकानों के बाहर रखे नमक के पन्द्रह कट्टे चोरी

■ इको गाड़ी में सवार होकर आए थे चोर

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर**

चोरों द्वारा चोरी करने की हद पार की जा रही है। पहले जहां नकदी, आभूषण व अन्य सामान चोरी के मामले सुनने में आते थे वहीं अब दुकानों के सामने रखा नमक भी चोरी होने लगा है। चोरों द्वारा शहर के कच्चा बादली रोड स्थित किरयाणा की दुकानों के बाहर पड़े नमक के कट्टे चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया गया है। दुकानदार जब सोमवार को दुकान पर पहुंचे तो उन्हें नमक चोरी की घटना का पता चला। नमक चोरी की यह घटना दिनभर दुकानदारों में चर्चा का विषय बनी रही।

दुकानदार जय किशन ने बताया कि उन्होंने एक नामी कंपनी के नमक के पैकेटों से भरे कट्टे दुकान के बाहर रखे हुए थे। जब वे दुकान पर पहुंचे तो उन्हें अपनी दुकान के आगे रखे नमक के तीन कट्टे चोरी हुए मिले। इसके बाद जब उन्होंने अपने आस-पास के दुकानदारों से नमक चोरी की घटना का जिक्र किया तो पता चला कि अन्य दुकानदार संदीप की दुकान से भी उसी नामी कंपनी के नमक के बारह कट्टे चोरी हो गए हैं।



झज्जर। सीसीटीवी फुटेज में नमक चोरी करता हुआ संदिग्ध युवक।

### सीसीटीवी में दिखाई देता है युवक

किरयाणा दुकान के संचालक जय किशन ने बताया कि उन्होंने जब दुकान में लगे सीसीटीवी की फुटेज चेक की तो उसमें रात करीब पौने एक बजे बगैर नंबर वाली एक सिल्वर कलर की ईको गाड़ी उनकी दुकान के आगे रुकती है। उसमें एक युवक गाड़ी से नीचे उतरता है और आनन-फानन में दुकान के बाहर रखे नमक के पैकेट से भरे तीन कट्टे गाड़ी में डाल लेता है। उसके बाद वह गाड़ी की ड्राईवर सीट पर बैठ जाता है। गाड़ी वापिस मुड़कर बादली की ओर चली जाती है।

## गांव गुभाना में वृद्धाश्रम बनाएगा दृष्टि फाउंडेशन

■ बुजुर्गों को जीवन के उत्तरार्ध में सम्मान और गरिमा से जीने का अवसर मिलेगा

**बहादुरगढ़।** दृष्टि फाउंडेशन ट्रस्ट ने गांव गुभाना में एक अत्याधुनिक और आत्मनिर्भर वृद्धाश्रम के निर्माण की घोषणा की है। इसे पूरी तरह से वरिष्ठ नागरिकों द्वारा ही प्रबंधित किया जाएगा। यहां बुजुर्गों को जीवन के उत्तरार्ध में सम्मान और गरिमा से जीने का अवसर मिलेगा।

दृष्टि फाउंडेशन ट्रस्ट की जनसंपर्क अधिकारी दृष्टि गौतम बताया कि यह वृद्धाश्रम पूरी तरह से आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। यहां वातानुकूलित कमरे, व्यक्तिगत शौचालय, इमरजेंसी हेल्प कॉल सिस्टम, योग व ध्यान केंद्र, हेल्थ क्लिनिक, डिजिटल लाइब्रेरी और सामुदायिक रसोई जैसी सुविधाएं होंगी। बुजुर्गों के लिए नियमित व्यायाम, समूह चर्चाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्किल ट्रेनिंग जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। यहां बुजुर्ग खुद अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। यह परियोजना पूरी तरह इको फ्रेंडली होगी। इसके संचालन में सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण और प्राकृतिक निर्माण सामग्री का प्रयोग होगा।

## ओलंपिक दिवस पर हुई मोटिवेशनल तैराकी स्पर्धा

■ विजेता तैराकों को मेडल पहनाकर उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़**

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा तैराकी संघ ने एचएल सिटी के चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी के स्विमिंग पूल पर मोटिवेशनल तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया। ग्रुप 5 से लेकर सीनियर ग्रुप के तैराकों ने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माहौल में प्रतियोगिता में भाग लिया और मैडल्स भी हासिल किए हैं। प्रवर्तन निदेशालय जालंधर के सहायक निदेशक विकास खत्री ने मुख्य अतिथि के तौर पर विजेता तैराकों को मेडल पहनाकर उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री ने सिटी बजाकर इवेंट्स की शुरुवात करवाई। उन्होंने बताया कि 23 जून 1894 को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की स्थापना हुई थी और 1948 से 23 जून को ओलंपिक दिवस मनाया जाता है। युवाओं को खेलों से जोड़ने, अनुशासन में रहकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करने और अपनी क्षमताओं में इजाफा करने में इस तरह के प्रयास फलदायी होते हैं। प्रतियोगिता के आयोजन में सुरेश जून, सुनील खत्री, कोच साई जाधव, पदमपाल, कृष्णमुरारी, विशाल और बंटी ने सक्रिय भूमिका निभाई।



बहादुरगढ़। मोटिवेशनल प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल देते अतिथि व आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## सेना में अफसर बने युवाओं का किया सम्मान

■ 5 युवा अब भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर सेवाएं देंगे

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़**

सेना में असफर बने दलाल खाप के 6 युवाओं का गांव मांडोठी में नागरिक अभिनंदन किया गया। ये युवा गांव मांडोठी, आसौदा, जाखौदा, रेवाड़ी खेड़ा व डाबौदा कलां के रहने वाले हैं। इनमें से 5 युवा अब भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर सेवाएं देंगे जबकि एक युवा बीएसएफ में सहायक कमांडेंट बना है। मांडोठी के दादा सीताराम मंदिर में आयोजित नागरिक अभिनंदन में लेफ्टिनेंट मयंक दलाल, लेफ्टिनेंट सूर्यकांत दलाल, लेफ्टिनेंट प्रवर दलाल, लेफ्टिनेंट साहिल दलाल, लेफ्टिनेंट सुशील दलाल व बीएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट अमित दलाल को ग्रामीणों ने सम्मानित किया। गांव मांडोठी निवासी भानु प्रताप का पुत्र सूर्यकांत दलाल और आसौदा के चांद सिंह का पुत्र मयंक दलाल एनडीएम के माध्यम, गांव जाखौदा के कुलदीप सिंह का पुत्र साहिल दलाल भी सीडीएस के माध्यम से सेना में लेफ्टिनेंट बने हैं। जबकि डाबोदा कलां के बलजीत सिंह का पुत्र सुशील दलाल ईएमई में सिपाही था और परीक्षा देकर स्पेशल कमिशन के माध्यम से सेना में ऑफिसर बना है। किसान नेता रमेश दलाल, खाप नेता कैप्टन मान सिंह, जिला पार्षद संजय दलाल, जयभगवान टैणी, कुलदीप सिंह, कपूर सिंह आदि ने कहा कि इन युवाओं की उपलब्धि से दलाल गोत्र के साथ ही पूरे इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई है।



बहादुरगढ़। मांडोठी में नवनियुक्त सैन्य अफसरों को सम्मानित करते ग्रामीण।

## रोजगार मेले में 374 प्रार्थी हुए शॉर्ट लिस्ट

■ एडीसी ने मेले में पहुंचे सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर**

सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एट गुढ़ा में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया गया। मेगा जॉब फेयर में एडीसी जगनिवास ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एडीसी ने मेले में पहुंचे सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि आज के स्किल्ड युवा शक्ति देश की प्रगति में रीढ का काम कर रही है। प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि यह मेला कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस मेला में प्रदेश भर की 32 कंपनियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में आईटीआई के पास-आउट तथा अंतिम वर्ष के लगभग 812 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा रिटन टेस्ट व साक्षात्कार के आधार पर कुल 374 विद्यार्थियों को कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिए शॉर्ट लिस्ट किया गया। इसके अलावा कंपनियों द्वारा 45 विद्यार्थियों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।



झज्जर। युवाओं का साक्षात्कार लेते हुए कंपनियों के अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

**सम्मान** पार्क में पर्यावरण की शुद्धि को लेकर सोमवीर आर्य ने हवन करवाया

# पार्क में बच्चों को दे रहे आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

भाजपा सुशासन प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रामकंवार सैनी ने बच्चों को सम्मानित किया

■ किशोर व किशोरियों को प्रशिक्षण देने के लिए दोनों की सराहना की

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़**

शहर के सेक्टर-6 स्थित झंडे वाले पार्क में जनवरी महीने से बच्चों के लिए सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग चल रही है।

एनएसजी कमांडो रह चुके जयदेव दहिया यहां लड़कों व लड़कियों को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग देते हैं। योगा टीचर ईश्वर सिंह आर्य ने 11 जून से 21 जून तक यहां सभी बच्चों को योग का प्रशिक्षण दिया। पार्क में पर्यावरण की शुद्धि को लेकर सोमवीर आर्य ने हवन करवाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा सुशासन प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रामकंवार सैनी ने बच्चों को सम्मानित किया। उन्होंने किशोर व किशोरियों को प्रशिक्षण देने के लिए दोनों की सराहना की।

साथ कही कहा कि बच्चों में अगर अनुशासन होगा, तो देश अवश्य तरक्की करेगा। इस अवसर पर आर्य पद्धति से हवन कर वातावरण को शुद्ध किया. इस अवसर पर आर्य राजेश राठी, संदीप आर्य, संतलाल मलिक, राजकुमार गर्ग आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। पार्क में हवन करते आर्य समाज से जुड़े लोग। फोटो :हरिभूमि



### खाद्य सुरक्षा को लेकर दिया प्रशिक्षण

**बहादुरगढ़।** सोमवार को शहर के एक होटल में खाद सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीओ डॉ. राजेंद्र और फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉ. राजेश वर्मा की देखरेख में हुए कार्यक्रम में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के नियमों की जानकारी दुकानदारों को दी गई।

खाद सुरक्षा प्रशिक्षण के इंचार्ज डॉ. जसपाल सिंह राणा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पैनल ट्रेनर जोगेंद्र प्रताप सिंह ने हाइजीन और खाद सुरक्षा की विस्तृत ट्रेनिंग दी। सभी व्यापारियों को रजिस्ट्रेशन करवाने व लाइसेंस बनवाने की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में जगपाल सैनी, हरीश कुमार, रमेश शर्मा, जगदीश, मुकेश, हरीश सैनी, दिनेश, आशु मित्तल, अजय धनखड़, पीयूष मित्तल, शेष कुमार, सोनू अरोड़ा, नमीष कुमार, भारत भूषण, रोहित व कमल कुमार आदि मौजूद रहे।